# गन्ने का रकबा पांच फीसदी ज्यादा



नई दिल्ली • पहले देशव्यापी सेटेलाइट मेपिंग से पता चला है कि चालू सीजन में देश में गन्ने का बुवाई रकबा 5 फीसदी बढ़कर 51.82 लाख हेक्टेयर हो गया। इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन (इस्मा) के अनुसार पिछले साल देश में 49.44 लाख हेक्टेयर गन्ने की बुवाई हुई थी। सेटेलाइट मेपिंग के अनुसार गन्ना बुवाई का रकबा पहले क्षेत्र सर्वे के अनुमान से ज्यादा रहेगा। क्षेत्रीय सर्वे के अनुसार देश में गन्ना बुवाई का रकबा इस्मा के अनुसार 50.79 लाख हेक्टेयर रहा था। कृषि मंत्रालय के अनुसार रकबा 50.25 लाख हेक्टेयर रहा। सेटेलाइट सर्वे इस्मा और फेडरेशन ऑफ कोआपरेटिव शुगर फेक्ट्रीज लि. ने मिलकर ज्योग्रफिकल इन्फॉर्मेशन सिस्टम्स के जरिये कराया था।